# सत्र 2023-2024 के लिए पाठ्यक्रम

| कक्षा **2** विषय- हिंदी | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | पाठ का नाम | सीखने के प्रतिफल | टिप्पणी (कौशल) | कक्षा **1** से पाठ्यक्रम का मिलान | सुझावित गतिविधि / अभ्यास |
| 1 | ऊँट चला (कविता) | - कविता का आनंद सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>- नए शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- श्रुतलेख लिखते हैं। | तुकांत शब्द, अनुनासिक ध्वनि की पहचान, कविता आगे बढ़ाना, गिनती | अनुनासिक ध्वनि की पहचान, शब्द में आई अंतिम ध्वनि की पहचान, चीज़ों की संख्या की समझ | कविता से तुकांत शब्दों को छँटवाना, ऊँट का चित्र बनवाकर पाँच वाक्य लिखवाना, कविता में से 'ब' से शुरू होने वाले शब्द छँटवाना, ऊँट की तरह चलना, रेगिस्तान के बारे में बातचीत (मौसम, बालू, खान-पान, जानवर, पेड़-पौधे) |
| 2 | अधिक बलवान कौन (कहानी) | - कहानी को समझते हुए पढ़ते हैं।<br>- सुलेख लिखते हैं।<br>- अनुकरण वाचन करते हैं।<br>- प्रश्नोत्तर लिखते हैं।<br>- समानार्थी शब्दों को पहचानते हैं। | समानार्थक शब्द, नाम वाले शब्द, कहानी से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देना, एक शब्द में आए वर्णों से नए शब्द बनाना | शब्दों के अर्थ, चित्रों को पहचान कर उनके नाम बताना, कहानी को सुनकर या पढ़कर समझना, वर्ण पहचान | चित्रों के माध्यम से ऋतुओं को दर्शाना, चाँद व हवा के बारे में मौखिक रूप से बताना, 'वाला' शब्द लगाकर नए शब्द बनाना, अपनी अच्छाइयों और कमियों को जानना और उन्हें आपस में साझा करना |
| 3 | दोस्त की मदद (कहानी) | - कहानी को समझते हुए पढ़ते हैं।<br>- सुलेख लिखते हैं।<br>- अनुकरण वाचन करते हैं।<br>- प्रश्नोत्तर लिखते हैं।<br>- समानार्थी शब्दों को पहचानते हैं।<br>- वचन बदलते हैं।<br>- मुलायम व सख्त वस्तुओं को वर्गीकृत करते हैं। | वचन बदलो, जानवरों के नाम, नाम वाले शब्द | कम-ज़्यादा, नाम वाले शब्द, शब्द पठन | रस्साकसी का खेल खिलाना, मुलायम व सख्त वस्तुओं की पहचान करवाना, मेंढक दौड़ का आयोजन करवाना गपशप- एक ऐसी परिस्थिति के बारे में बताना जब बच्चे ने अपने दोस्त या अन्य किसी व्यक्ति की मदद की हो। |
| 4 | तितली और कली (कविता) | - कविता का आनंद सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>- श्रुतलेख लिखते हैं।<br>- तुकांत शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- रंगों का अभ्यास करते हैं। | रंगों के नाम, पसंद-नापसंद, तुकांत शब्द | वर्ण ज्ञान, शब्द ज्ञान | फूलों के नाम लिखवाना व चित्र बनाना, रंगीन कागज से तितली बनाना, अपने कक्षा पुस्तकालय से कोई कहानी या कविता की पुस्तक चुनिए और कविता/ कहानी का अनुमान लगाइए, फिर उसे पढ़िए। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उपरोक्त कक्षा 2 हिंदी पाठ्यक्रम 30 सितंबर 2023 तक पूर्ण किया जाना है तथा पाठ्यक्रम की पुनरावृति सत्र-एक आकलन से पहले पूरी होनी चाहिए। | | | | | |
| 5 | बुलबुल (कहानी) | - कहानी को समझते हुए पढ़ते हैं।<br>- सुलेख लिखते हैं।<br>- अनुकरण वाचन करते हैं।<br>- प्रश्नोत्तर लिखते हैं।<br>- रंगों का अभ्यास करते हैं।<br>- नाम वाले शब्दों का अभ्यास करते हैं। | पक्षियों पर पहेलियाँ, कविता लेखन, नाम वाले शब्द (संज्ञा) | तुकांत शब्द, सुनकर अप्रत्यक्ष बात को समझना, नाम वाले शब्द | पक्षियों के आवाज़ की पहचान करवाना, रंगों के नाम लिखवाना और संबंधित रंग भरवाना |
| 6 | बस के नीचे बाघ (कहानी) | - कहानी को समझते हुए पढ़ते हैं।<br>- प्रश्न पूछते हैं।<br>- सुलेख लिखते हैं।<br>- अनुकरण वाचन करते हैं।<br>- प्रश्नोत्तर लिखते हैं।<br>- रंगों का अभ्यास करते हैं।<br>- शब्द अंताक्षरी खेलते हैं।<br>- काम वाले शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- गाड़ियों को वर्गीकृत करते हैं। (दो पहिए, तीन पहिए और चार पहिए वाली)<br>- जानवरों और पक्षियों के नाम लिखते हैं। | शब्द अंताक्षरी, संज्ञा, वाहनों के नाम, अखबार पढ़ना | वर्णों की ध्वनियों की पहचान, शब्द पठन | बच्चों को गेंद बल्ले से खेलने का अवसर प्रदान करना, जानवरों व यातायात के साधनों के चित्र चिपकाकर उनके नाम लिखवाना, काम वाले शब्दों का अभिनय करवाना और अनुमान लगवाना।<br>कुछ बच्चे जानवरों का अभिनय करेंगे, बाकी के बच्चे प्रश्नों के माध्यम से जानवरों को पहचानेंगे। |
| 7 | सूरज जल्दी आना जी (कविता) | - कविता का आनंद सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>- श्रुतलेख लिखते हैं।<br>- नए शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- बेमेल शब्द लिखते हैं।<br>- नुक्ते वाले शब्द लिखते हैं। | पर्यायवाची शब्द, तुकांत शब्द, सूरज का चित्र बनाना | वर्ण ज्ञान, शब्द पठन, कलात्मक अभिव्यक्ति | सूरज और चाँद का चित्र बनवाना, दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता लगवाना, पर्यायवाची व तुकांत शब्द करवाना |
| 8 | नटखट चूहा | - कहानी को समझते हुए पढ़ते हैं।<br>- प्रश्नोत्तर लिखते हैं।<br>- श्रुतलेख लिखते हैं।<br>- वचन बदलते हैं। | अंगूठे की छाप से चूहा बनाना, एक- अनेक, औज़ारों की बात | कलात्मक व कल्पनाशीलता, गिनती | हमारे मददगारों के चित्र चिपकाकर उनके नाम लिखवाना, रचनात्मक लेखन - चूहा राजा बनने पर सबसे पहले क्या करेगा? लिखिए। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | - 'र' का रेफ वाले शब्द लिखते हैं।<br>- 'मेरा विद्यालय' विषय पर कुछ वाक्य लिखते हैं।<br>- हमारे मददगारों के नाम लिखते हैं।<br>- कहानी को आगे बढ़ाते हुए लिखते हैं। | | | |
| नोट :- प्रत्येक पाठ में आई मात्राओं का अभ्यास करवाएँ व मात्राओं की ध्वनि और बनावट में संबंध स्थापित करवाएँ । | | | | | |

उपरोक्त कक्षा-2 , हिंदी पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2023-24 तक पूर्ण किया जाना चाहिए।